हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, गुरुवार 26 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 36 डिग्री
न्यूनतम 23 डिग्री

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

13 जिले में बढ़ने लगा गर्मी का प्रकोप




14 आरोप साबित करने मैदान में आएं भूपेश बघेल : अरूण



## नवरात्रि विशेष



### अष्टमी : महागौरी

महागौरी देवी भगवती का आठवां स्वरूप है। आठवें नवरात्रि को माता के महागौरी स्वरुप की आराधना का विधान है। महागौरी ही देवी शाकुंभरी, दुर्गा, त्रिनेत्री, मन्शा, चंडी और शताक्षी हैं। देवी महागौरी ने पार्वती रुप में महादेव को पति के रुप पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। इससे उनका शरीर कृष्णवर्णी हो गया। इस तपस्या से प्रसन्न होकर महादेव ने इनके शरीर पर पावन गंगाजल की धारा डाली। फौरन महामाता विद्युतप्रभा के समान कांतिमान गौरवर्ण की ही गई। तभी से इनका नाम महागौरी पड़ा। महादेव से दैवी शक्तियों हासिल करने के बाद महागौरी ने शुंभ-निशुंभ, चंड-मुंड, रक्तबीज आदि दैत्यों का संहार किया। इन्हें दुर्गा नाम भी दिया गया। महागौरी की उपमा शंख, चंद्र और कंद के फूल से की गई है। इनके समस्त वस्त्र, आभूषण आदि श्वेत है। इनकी चार भुजाएं हैं और वाहन वृषभ है। इनकी मुद्रा अत्यंत शांत है। मां की शक्ति अमोघ फल दने वाली है। माता महागौरी मनुष्य की वृत्तियों को सत और प्रेरित करके असत का विनाश करती हैं। गृहस्थों के लिए तो महागौरी की पूजा विशेष मंगलकारी मानी जाती है। महागौरी का आराधना मंत्र है-

श्वेते वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचिः।
महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोदया॥

# रिसईमाता के आंसुओं का चमत्कार: भीषण गर्मी में भी नहीं सूखती जलधारा

## नवरात्रि में आस्था के दीपों से जगमगाता है मंदिर, श्रद्धालुओं की उमड़ती है भीड़

संतोष सोनकर ⏭धमतरी

अलग खबर

जिले के सिहावा क्षेत्र में स्थित रिसईमाता से जुड़ा एक अद्भुत और आस्था से भरपूर स्थल आज भी लोगों के विश्वास का केंद्र बना हुआ है। मान्यता है कि जहां माता रिसईमाता बैठकर रोई थीं, वहीं उनकी आंखों से गिरे आंसुओं से उत्पन्न जलधारा आज भी निरंतर बह रही है। विशेष बात यह है कि यह जलस्त्रोत भीषण गर्मी में भी कभी नहीं सूखता।

धमतरी जिले का सिहावा क्षेत्र ऋषि-मुनियों की तपोभूमि व आस्था का केन्द्र माना जाता है। घने जंगलों व पहाड़ों से घिरा यह क्षेत्र आज भी धार्मिक मान्यताओं एवं चमत्कारों से परिपूर्ण है। यहां ऐसे कई स्थान है जहां देवी-देवताओं की कथाएं सिर्फ सुनी ही नहीं जाती बल्कि उसे महसूस किया जा सकता है। इसी आस्था के बीच एक अनोखी कथा रिसगांव के रिसईमाता से जुड़ी हुई है। सिहावा क्षेत्र के सोन्दूर बांध के अंतिम छोर पर घने जंगलों और पहाड़ों के बीच एक ऐसा स्थान है जिसे यहां के ग्रामीण रिसईमाता की तपस्थली मानते हैं। ऐसी मान्यता है कि एक समय रिसईमाता उक्त स्थान पर रो रही थी। उसकी आंखों से आंसू गिरकर जमीन पर बह रहे थे। तभी देवताओं ने माता को वहां से ले जाकर रिसगांव में स्थापित शेष पेज 12 पर





### गांव पर माता की विशेष कृपा

ग्रामीणों का विश्वास है कि रिसईमाता की गांव पर विशेष कृपा है, जिसके कारण गांव में किसी प्रकार का आपदा या संकट नहीं आता। घने जंगलों के बीच बसे इस गांव में हिंसक जानवरों का भी कोई खतरा नहीं रहता। गांव में शांति बनी रहती है। अष्टमी के दिन हवन-पूजन में शामिल होने श्रद्धालु दूर-दूर से आते हैं।

### ग्रामीणों को विकास की उम्मीद

आस्था के इस अद्भुत केन्द्र के साथ-साथ ग्रामीण विकास की उम्मीद लगाए बैठे हैं। उनकी मांग है कि इस क्षेत्र में सड़क व पुल का निर्माण हो ताकि रिसईमाता मंदिर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा मिल सके।

## सरेंडर करवाकर अपात्रों से की गई राशि की वसूली

# अपात्र निकले पीएम आवास के 21 सौ हितग्राही

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पिछले दो साल में पीएम आवास के 2100 हितग्राही अपात्र घोषित हुए। इन हितग्राहियों से सरेंडर करवाया गया। योजना के तहत जारी की गई राशि की वसूली भी की गई। ग्राम पंचायतों से इस योजना के तहत नियमों को ध्यान में रखकर हितग्राहियों का चयन करने की सलाह दी गई है।

पीएम आवास योजना के तहत मापदंड निर्धारित हैं, लेकिन शुभचिंतकों को लाभ देने के चक्कर में कई ग्राम पंचायतों में इन मापदंडों की अनदेखी की गई, जिसके चलते कई अपात्रों का नाम भी पात्र की सूची में आ गया था। कई हितग्राहियों को किस्त भी जारी कर दी गई और उन्होंने इस योजना के तहत मकान बनाना शुरू कर दिया। जांच, शिकायत के बाद इन मामलों की जानकारी हुई। वर्ष 2024 से लेकर अब तक करीब 2100 हितग्राही अपात्र की सूची में आए। इन हितग्राहियों को सरेंडर करवाकर राशि की वसूली कई। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2024 से लेकर अब तक 41 हजार 215 पीएम आवास स्वीकृत हुए हैं। इसमें से 21 हजार 805 आवास पूर्ण हो चुके हैं। बाकी आवासों का निर्माण चल रहा है।


फाइल फोटो

### ऐसे की गई सरेंडर की प्रक्रिया

शिकायत मिलने के बाद सबसे पहले ग्राम पंचायत से हितग्राही के पीएम आवास सरेंडर का प्रस्ताव किया गया। यह प्रस्ताव जनपद पंचायत में प्रस्तुत किया गया। जनपद पंचायत से वेरिफिकेशन के बाद जिला स्तर पर मामलों को प्रस्तुत किया गया। यहां पर गठित समिति द्वारा सरेंडर की प्रक्रिया अपनाई गई। उल्लेखनीय है कि सीधे सरेंडर की प्रक्रिया नहीं की गई। इन मामलों में दावा आपत्ति मंगाई। दावा आपत्ति के निराकरण के बाद हितग्राही का नाम लिस्ट से हटाया गया। जिन्होंने आपत्ति दर्ज नहीं कराई, उनका नाम भी हटाया गया।

### यह है मापदंड

पीएम आवास योजना के तहत 10 बिन्दुओं के आधार पर हितग्राहियों का चयन किया जाता है। परिवार का पक्का मकान नहीं होना चाहिए। ईडब्लूएस और एलआईजी की स्थिति में परिवार की वार्षिक आय 3 से 6 लाख होनी चाहिए। घर महिला मुखिया या संयुक्त नाम पर होना चाहिए। एमआईजी की स्थिति में आय समूह 6-12 लाख वाले भी पात्र है। आवेदक को पहले किसी अन्य सरकारी आवास योजना का लाभ नहीं मिला होना चाहिए। बैंक खाता आधार लिंक अनिवार्य है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग को प्राथमिकता। घर का कारपेट एरिया 120 वर्ग मीटर तक हो सकता है। ग्रामीण में जॉब कार्ड और शहरी में शहरी निवास प्रमाण। विधवा, दिव्यांग और ट्रांसजेंडर को विशेष प्राथमिकता। इसके अतिरिक्त जिनके पास दो पहिया, तीन पहिया, चार पहिया वाहन है, 50,000 रुपये या उससे अधिक की क्रेडिट सीमा वाला किसान क्रेडिट कार्ड, जिस परिवार का कोई सदस्य सरकारी कर्मचारी हो, जिनके पास 5 एकड़ से अधिक सिंचित भूमि हो वे इस योजना के तहत अपात्र हैं।

# पिस्टल व जिंदा कारतूस के साथ हिस्ट्रीशीटर बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- सार्वजनिक स्थान में हथियार लहराने की फिराक में था आरोपी
- कोतवाली पुलिस की कार्रवाई



देशी पिस्टल व जिंदा कारतूस से लैस होकर सार्वजनिक स्थान में हथियार लहरा अपना रौब जमाने की तैयारी कर रहे हिस्ट्रीशीटर बदमाश को कोतवाली पुलिस ने रंगेहाथ गिरफ्तार कर उनके मंसूबो पर पानी फेर दिया है।

सिटी कोतवाली पुलिस को मुखबिर से मरादेव मंदिर गौरवपथ में एक युवक द्वारा अवैध रूप से हथियार के साथ छिपने की सूचना मिली। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए टीम को मौके के लिए रवाना किया। पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर रेड की कार्रवाई की। इस दौरान संदिग्ध घूम रहे सौरभ सोनी को पकड़कर तलाशी ली गई। इस दौरान आरोपी के कब्जे से एक नग देशी निर्मित पिस्टल, 11 नग जिंदा कारतूस बरामद किया गया। आरोपी ने उक्त हथियारों के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया। पुलिस ने सिटी कोतवाली में धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी सौरभ सोनी पिता नरेंद्र उम्र 25 वर्ष आमातालाब रोड श्रीराम नगर थाना सिटी कोतवाली निवासी को गिरफ्तार न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

### आरोपी पर पूर्व में कई मामले दर्ज

आरोपी सौरभ सोनी के खिलाफ पूर्व में भी कई अपराध दर्ज है जिसमें मारपीट, धमकी व आर्म्स एक्ट सहित कई गंभीर मामले शामिल हैं। आरोपी के खिलाफ वर्ष 2020 में धारा 294, 323, 506, 34 भादवि, धारा 294, 452, 506 भादवि एवं 25-27 आर्म्स एक्ट, धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध है। इसी तरह वर्ष 2022 में आर्म्स एक्ट 25-27 सहित धारा 294, 323, 506, 34 भादवि व 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध है।



## अंचल की खबरें

### कुरूद के पेट्रोल पम्प में प्रशासन का छापा 3100 लीटर अवैध डीजल जब्त





**धमतरी।** मंगलवार की शाम अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कुरुद के निर्देश पर राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने कुरुद-धमतरी मार्ग स्थित सर्वेश्वर ऑटो फ्यूल्स कुरुद का औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान पेट्रोल पम्प के पीछे बने स्टोर रूम एवं परिसर में संदिग्ध रूप से डीजल का भंडारण पाया गया। निरीक्षण में 4 ड्रम पूर्ण भरे हुए, 2 ड्रम आधे भरे हुए, 32 खाली ड्रम तथा 2 मिनी टैंकर वाहनों में लगभग 2100 लीटर डीजल पाया गया। प्रारंभिक जांच में कुल लगभग 3100 लीटर डीजल अवैध रूप से संग्रहित होना पाया गया। संयुक्त जांच दल ने पेट्रोलियम उत्पाद एवं संबंधित सामग्री को जब्त कर लिया है। संपूर्ण प्रकरण का प्रारंभिक जांच प्रतिवेदन तैयार कर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कुरुद को प्रस्तुत किया गया।

### महाअष्टमी हवन आज, रामनवमी पर भक्ति का उत्सव कल

**धमतरी।** इस वर्ष 26 मार्च गुरुवार को महाअष्टमी तथा 27 मार्च शुक्रवार को रामनवमी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। विप्र विद्वत परिषद के अध्यक्ष पंडित बालेन्द पाण्डेय ने बताया कि देव पंचांग के अनुसार महाअष्टमी के दिन मां दुर्गा की विशेष पूजा-अर्चना एवं हवन का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह पर्व भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। भगवान राम भारतीय संस्कृति में धर्म, सत्य और आदर्श जीवन के प्रतीक माने जाते हैं। पंडित राजकुमार तिवारी ने बताया कि रामनवमी केवल उत्सव नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि और भक्ति का प्रतीक है। इस दिन उपवास, ध्यान, पूजा और रामायण पाठ करने से मन को शांति और सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है।

### 3 घंटे में दुरुस्त हुआ मोटरपंप, वार्डवासियों को मिली राहत



**धमतरी।** लालबगीचा वार्ड क्रमांक 03 में अचानक मोटर पंप खराब होने से उत्पन्न जल संकट पर नगर निगम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज 3 घंटे के भीतर समस्या का समाधान कर दिया। पानी की किल्लत से जूझ रहे वार्डवासियों को इस त्वरित पहल से राहत मिली। मोटर पंप खराब होने की सूचना मिलते ही महापौर रामू रोहरा एवं जल विभाग सभापति अखिलेश सोनकर के मार्गदर्शन में वार्ड पार्षद श्रीमती हिमानी भगवत साहू ने तुरंत संज्ञान लिया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सबसे पहले वार्ड में पानी टैंकर की व्यवस्था कराई गई, ताकि नागरिकों को असुविधा न हो। इसके साथ ही नगर निगम की तकनीकी टीम को तत्काल मोटर पंप सुधारने के निर्देश दिए गए। टीम ने तेजी से कार्य करते हुए खराबी को दूर किया और मात्र 3 घंटे के भीतर जल आपूर्ति पुनः बहाल कर दी।

### राहगीरों को दिया जल संरक्षण का संदेश



**धमतरी।** जल है तो कल है, जल ही जीवन है को चरितार्थ करते हुए दिव्यांग प्रेरणा जनकल्याण समिति के सदस्यों ने सांकरा में स्थापित जरही माता मंदिर प्रांगण में बहते हुए नल टोटी को ठीक करते हुए चलते हुए राहगीरों को जल संरक्षण का संदेश दिया। घनश्याम सिंह साहू ने बताया कि जल ही जीवन है। इसकी उपयोगिता पर मितव्ययता बरतना जरुरी है तभी धरती पर जल संरक्षित रह सकता है। मौके पर पुराणिक साहू, बसंत कुमार विश्नोई, संतोषी विश्नोई, रोहित साहू, डेरहाराम, सुलोचना, सुलेखाअली, शिवचरण, सोमन मेश्राम, नीलकंठ उपस्थित थे।

### मौरीकला में श्रीमद् लक्ष्मीनारायण महायज्ञ 2 अप्रैल से

**सिर्री।** ग्राम मौरीकला (गुफा) में 5 दिवसीय श्रीमद लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का आयोजन 2 से 6 अप्रैल तक किया गया है। महायज्ञ का अनुष्ठान मां तारिणी शक्तिपीठ गुरुजीभांठा, श्री सिद्धिविनायक आश्रम नवागांव बुड़ेनी नवापारा के महंत स्वामी उमेशानंद गिरी महाराज के सानिध्य में होगा। कथा सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक होगी। 2 अप्रैल को जलयात्रा, पंचांग पूजन की जायेगी। 3 अप्रैल को वेदी पूजन, यज्ञ स्थापना और रात्रिकालीन कार्यक्रम नवज्योति रामधुनी मंडली सिरसिदा (नारायण पटेल) की प्रस्तुति होगी। 4 अप्रैल को भगवान लक्ष्मीनारायण का महाअभिषेक सहित रात्रिकालीन कार्यक्रम जय मां दुर्गा मानस परिवार खुटेरी (इतवारी राम) की प्रस्तुति की जायेगी। 5 अप्रैल को हवन अभिषेक के साथ ही रात्रिकालीन कार्यक्रम सत्संग सरिता मानस परिवार हसदा (श्री गुरुशरण ) की प्रस्तुति होगी। 6 अप्रैल को हवन पूजन कर पूर्णाहुति की जायेगी। वेदी पूजन सुबह 8 से 10 बजे तक होगा। यज्ञकाल सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक होगा। महाआरती संध्या 6 बजे होगी। यज्ञाचार्य पं. मुकेश दीक्षित महाराज और यज्ञ हेतु ऋत्विज पं.ग जेंद्र शर्मा महाराज, पं.श्रवण शर्मा, पं. हेमंत महाराज होंगे। यह जानकारी सरपंच प्रतिनिधि रोहित साहू ने दी।

### शीतला माता मंदिर में 55 ज्योत जले

**धमतरी।** चैत्र नवरात्रि में सोरिद वार्ड स्थित मां शीलता देवी मंदिर परिसर में देवी भक्तों ने भी मनोकामना ज्योत प्रज्ज्वलित करवाया है। शीलता मंदिर सेवा समिति के सदस्य शिक्षक बसंत देवांगन, दीपक यादव ने बताया कि इस वर्ष कुल 55 मनोकामना ज्योत प्रज्ज्वलित किए गए हैं।

लू से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवायजरी

# जिले में बढ़ने लगा गर्मी का प्रकोप

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले में बढ़ते तापमान और भीषण उमस को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने आम नागरिकों के लिए अलर्ट जारी कर दिया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यूएल कौशिक ने जानकारी दी है कि वर्तमान में धूप का प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है, जिसके कारण थोड़ी सी भी असावधानी लू की चपेट में ला सकती है।

लू न केवल स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है, बल्कि यह जानलेवा भी साबित हो सकती है। गर्मी के मौसम में लंबे समय तक तेज धूप में रहने से शरीर के पानी और जरूरी खनिज लवण पसीने के माध्यम से बाहर निकल जाते हैं, जिससे शरीर में इन तत्वों की भारी कमी हो जाती है और यही स्थिति लू लगने का मुख्य कारण बनती है।




#### धूप में सिर ढंककर निकलने की सलाह

बिना किसी जरूरी काम के तेज धूप में बाहर न निकलें। यदि बाहर जाना अनिवार्य हो, तो खाली पेट न निकलें और पर्याप्त पानी पीकर ही घर से बाहर कदम रखें। धूप से बचने के लिए सिर को हमेशा टोपी या गमछे से ढककर रखें और आंखों की सुरक्षा के लिए चश्मा पहनें। शरीर में नमी बनाए रखने के लिए समय-समय पर पानी या अन्य तरल पदार्थों का सेवन करते रहना चाहिए। यदि किसी व्यक्ति में लू के लक्षण दिखाई दें, तो उसे तुरंत शीतल एवं छायादार स्थान पर ले जाकर ओआरएस का घोल पिलाना चाहिए और शरीर को ठंडे पानी से पोछते हुए निकटतम स्वास्थ्य केंद्र ले जाना चाहिए।

#### ऐसे करें लू की पहचान

शरीर का तापमान अत्यधिक बढ़ने के बावजूद पसीना न आना, बहुत अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना शामिल है। इसके अलावा पीड़ति व्यक्ति को सिर में भारीपन, तेज दर्द, चक्कर, उल्टी, कमजोरी और बदन दर्द का अनुभव हो सकता है। गंभीर स्थिति में आंखों के नीचे कालापन छाना, भूख कम लगना, आंखों के सामने अंधेरा छाना और बेहोशी जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं।

## राशन दुकानों में चावल के लिए भटक रहे हितग्राही

- नेटवर्किंग सिस्टम के वार्षिक मेंटेनेंस से सर्वर ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले में सर्वर डाउन होने के कारण शासकीय उचित मूल्य की दुकानों से राशन वितरण प्रभावित हो गया है, जिससे हजारों हितग्राहियों को पिछले कई दिनों से चावल नहीं मिल पा रहा है। खाद्य विभाग के नेटवर्किंग सिस्टम के वार्षिक मेंटेनेंस कार्य के चलते 21 से 25 मार्च तक सर्वर बंद रखा गया है, जिसके कारण राशन आवंटन पूरी तरह ठप हो गया। जानकारी के अनुसार धमतरी जिले में कुल 6 लाख 29 हजार 782 राशनकार्डधारी हैं। इनमें अंत्योदय, प्राथमिकता, निराश्रित, निःशक्तजन और एपीएल वर्ग के हितग्राही शामिल हैं। हर माह अधिकांश कार्डधारी 20 तारीख तक राशन ले लेते हैं, लेकिन जो हितग्राही अंत तक राशन लेने आते हैं, वे इस बार सर्वर डाउन होने से वंचित रह गए हैं। खाद्य विभाग के निरीक्षकों ने बताया कि यह मेंटेनेंस कार्य पूरे छत्तीसगढ़ स्तर पर किया जा रहा है और सर्वर हैदराबाद से संचालित होता है। उन्होंने कहा कि 25 मार्च के बाद राशन वितरण की प्रक्रिया पुनः शुरू हो जाएगी।

इस बीच राशन नहीं मिलने से जरूरतमंद परिवारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि विभाग ने आश्वासन दिया है कि अप्रैल माह में तीन महीने का राशन एकमुश्त देने की तैयारी की जा रही है, जिसके लिए भंडारण संबंधी निर्देश जारी किए गए हैं। फिलहाल हितग्राही सर्वर चालू होने का इंतजार कर रहे हैं, ताकि उन्हें उनका हक का राशन समय पर मिल सके।

## नर्सिंग छात्रों ने टीबी के लक्षण, बचाव की दी जानकारी




हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर रिलायंस इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग एवं फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ नर्सिंग के विद्यार्थियों द्वारा जिला अस्पताल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य टीबी (तपेदिक) जैसे गंभीर संक्रामक रोग के प्रति आमजन में जागरूकता फैलाना रहा। यह दिवस प्रत्येक वर्ष 24 मार्च को मनाया जाता है, जो 1882 में वैज्ञानिक डॉ. रॉबर्ट कोच द्वारा टीबी के बैक्टीरिया की खोज की स्मृति में मनाया जाता है।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मरीजों एवं उनके परिजनों को टीबी के लक्षण, बचाव एवं उपचार की जानकारी दी। साथ ही रंगोली एवं पोस्टर प्रदर्शनी के जरिए भी जागरूकता का संदेश दिया गया।

## श्रमजीवी पत्रकार संघ ब्लॉक कुरूद के श्रवण अध्यक्ष, पामेश महासचिव बने



हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

श्रमजीवी पत्रकार संघ की मजबूती और पत्रकारों के हितों की रक्षा के संकल्प के साथ रविवार को स्थानीय रेस्ट हाउस कुरूद में ब्लॉक इकाई का गठन किया गया। सर्वसम्मति से श्रवण साहू को ब्लॉक अध्यक्ष चुना गया। संगठन की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। संरक्षक बसंत ध्रुव, सलाहकार अश्विन ठोकने एवं गोकुलेश सिन्हा, उपाध्यक्ष दिग्विजय सिंह, महासचिव पामेश देवांगन, सहसचिव थानेश्वर साहू, कोषाध्यक्ष सतीश शर्मा, मीडिया प्रभारी सूरज सिन्हा बनाए गए।

पदाधिकारियों की नियुक्ति पर प्रदेश सचिव गोपी कश्यप और जिला प्रभारी ललित साहू ने कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य पत्रकारों की समस्याओं का समाधान करना और पत्रकारिता के स्तर को बढ़ाना है। जिला अध्यक्ष रूपेश साहू ने उम्मीद जताई कि नई टीम क्षेत्र के पत्रकारों को एक सूत्र में पिरोने का काम करेगी। नवनियुक्त अध्यक्ष श्रवण साहू ने कहा कि पत्रकार समाज का दर्पण होते हैं और शासन-प्रशासन के बीच एक मजबूत कड़ी का काम करते हैं। पत्रकारों के सम्मान और सुरक्षा के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर घनश्याम साहू, सीपी सिन्हा, चुनेश साहू, दिलीप साहू सहित बड़ी संख्या में अन्य मीडियाकर्मी उपस्थित रहे।

## तारे ज़मीं पर : शब्दों में सजा बच्चों का आत्मविश्वास




**धमतरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में संचालित उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान अंतर्गत सार्थक स्कूल में विशेष बच्चों द्वारा स्वयं का आत्म परिचय लिखने एवं प्रस्तुत करने की गतिविधि आयोजित की गई।

इस अवसर पर बच्चों ने अपना संक्षिप्त आत्म परिचय लिखकर एवं बोलकर प्रस्तुत किया। किसी ने सरल शब्दों में अपने बारे में लिखा, तो किसी ने माइक पर आत्मविश्वास के साथ अपनी बात कही। विशेष बच्चे एकलव्य, मनीष, नेमेश, श्वेता, देवश्री, यज्ञदत्त, मनीषा, वत्सला, मोनिका एवं प्रीति ने क्रमवार अपना नाम, उम्र, स्कूल का नाम, परिवार के सदस्यों के नाम, पता एवं मोबाइल नंबर सहजता और स्पष्टता के साथ प्रस्तुत किया।

यह कार्यक्रम संस्था की सचिव स्नेहा राठौड़ के निर्देशन में हुआ। प्रशिक्षक मैथिली गोड़े, देविका दीवान, कौशिल्या यादव एवं काजल रजक का योगदान रहा।

संस्था की अध्यक्ष डॉ. सरिता दोशी ने बताया कि विशेष बच्चों को जब अभिव्यक्ति का अवसर मिलता है, तो उनका आत्मविश्वास स्वयं खिल उठता है। यही छोटे-छोटे प्रयास उन्हें आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करते हैं।

## बच्चों को समाज से जोड़ने का प्रयास करना चाहिए : गणेश राम





हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

दरबा परिक्षेत्र कअन्तर्गत ग्रामीण साहू समाज ने अपने-अपने गांव में कर्मा जन्मोत्सव मनाया । कोड़ापार, चटौद, बिरेझर, मुल्ले, गातापार, बगौद ,कुर्रा एवं भैंसबोड़ में यह पर्व धूमधाम से मनाया गया। सुबह 12 बजे कलश यात्रा एवं बच्चों का सांस्कृतिक कर्यक्रम हुआ। बीते सत्र में कक्षा 5 वीं , 8 वीं, कक्षा 10 वीं, कक्षा 12 वीं में प्रथम, द्वितीय, एवं तृतीय स्थान लाने वाले विद्यार्थियों को अतिथियों ने सम्मानित किया। मुख्य अतिथि जिला साहू संघ अध्यक्ष गणेश राम साहू ने कहा कि समाजजनों को एकजुट होकर रहना चाहिए। आज बच्चे नशाखोरी में बिगड़ते जा रहे हैं। उसे समाज की ओर जोड़ने का प्रयास करना चाहिए ताकि अच्छा समाज का निर्माण कर सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कृष्णकांत साहू तहसील अध्यक्ष कुरूद ने कहा कि सामाजिक नियमावली का पालन करें ताकि समाज में अच्छा संदेश जा सके। लेखराम साहू तहसील उपाध्यक्ष ने कहा कि अन्तरजातीय विवाह की रोकथाम के लिए आगे आना चाहिए।

रामचंद्र साहू दरबा परिक्षेत्र अध्यक्ष ने कहा कि मां कर्मा के आदर्शों से प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम में टकेश्वर साहू, नागेश्वर साहू, दुलरु साहू, कामता साहू, नरसिंग साहू, हुलसी साहू, सुनीता साहू, जीवन साहू, तीरथ साहू, लिकेश साहू, संतराम साहू, कमलेश साहू, विश्वनाथ साहू, मंशा साहू, केजू साहू, भुनेश्वर साहू, बीआर साहू समेत बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित थे।

## भखारा तहसील के 3145 हितग्राहियों के खाते में राशि अंतरित

- दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत दी गई 10,000 की राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी



छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत भूमिहीन परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश के लगभग 5 लाख भूमिहीन परिवारों को 500 करोड़ रुपये की सहायता दी गई। इसी क्रम में बुधवार को भखारा तहसील में आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम के दौरान 3145 हितग्राहियों के बैंक खातों में सीधे 10,000 की राशि अंतरित की गई।

तहसील सभा कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में प्रशासन द्वारा लगभग 30 चयनित हितग्राहियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। इस योजना के तहत पूरे छत्तीसगढ़ में 4.95 लाख से अधिक परिवारों के साथ 22 हजार से अधिक बैगा-गुनिया परिवार लाभान्वित हो रहे हैं। भखारा क्षेत्र के 545 हितग्राही भी इस योजना से जुड़े हैं।

कार्यक्रम में उपस्थित विधायक प्रतिनिधि हरख जैन ने कहा कि यह योजना गरीब और भूमिहीन मजदूर परिवारों के लिए ऐतिहासिक कदम है, जिससे उन्हें आर्थिक मजबूती मिल रही है। तहसीलदार भूपेश चंद्राकर ने बताया कि राज्य सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस अवसर पर नायब तहसीलदार विनोद बंजारे, पार्षद सभापति अंजू दीनानाथ साहू सहित बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित रहे।

## आम की लकड़ी से भरा ट्रक जब्त

- वन विभाग ने किया तस्करी का भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी




लंबे समय से चल रहे लकड़ी के अवैध कारोबार पर धमतरी वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। वन विभाग की टीम ने बड़ी मात्रा में लकड़ी से लदे एक ट्रक को पकड़ा है। इस ट्रक में आम की लकड़ियां लदी थी, जो गीली थी। यह ट्रक बिना किसी वैध दस्तावेज के कांकेर से धमतरी की ओर बेखौफ दौड़ रहा था। वन विभाग को सूचना मिली थी कि श्यामतराई बाईपास में एक ट्रक से अवैध लकड़ी का परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर टीम ने घेराबंदी कर ट्रक को रोककर जांच की। ट्रक में बड़ी मात्रा में आम के कच्चे लट्ठे भरे थे। ड्राइवर लकड़ी परिवहन संबंधी वैध दस्तावेज नहीं दे सका। कार्रवाई करते हुए वाहन को जब्त कर परिक्षेत्र कार्यालय लाया गया। प्रभारी रेंजर डिकेन्द्र नेताम ने बताया कि प्रारंभिक जांच में ट्रक में आम की लकड़ी पाई गई है। लकड़ी की शिनाख्ति और विस्तृत जांच के बाद यह स्पष्ट हो सकेगा कि लकड़ी कहां से काटी गई और इसके पीछे कौन-कौन लोग शामिल हैं।

### समाज की एकता एवं अखंडता पर जोर

**कोर्रा(भखारा)।** परिक्षेत्र साहू समाज कोर्रा के तत्वावधान में होली मिलन वार्षिक उत्सव मां कर्मा जयंती का आयोजन किया गया। माताओं द्वारा भव्य कलश यात्रा के साथ पूरे ग्राम में भ्रमण किया गया। मुख्य अतिथि ओंकार साहू विधायक धमतरी थे। अध्यक्षता रंजना साहू पूर्व विधायक ने की। विशिष्ट अतिथि लेखराम साहू पूर्व विधायक कुरूद, प्रदीप साहू, भीखम देवांगन, चंद्रेश चांद सरपंच मड़ईभाठा थे। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में समाज की एकता एवं अखंडता पर बल दिया। मौके पर परिक्षेत्र साहू समाज कोर्रा के अध्यक्ष नरेंद्र साहू, उपाध्यक्ष हेमलाल साहू, सचिव डॉ. गिरवर साहू, महिला आयोग उपाध्यक्ष सरस्वती साहू, सहसचिव मुकेश साहू समेत बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद थे।

## श्वास में छिपे जीवन के अनजाने रहस्य हैप्पीनेस प्रोग्राम का हुआ आयोजन

**अंवरी।** दि आर्ट ऑफ लिविंग संस्था द्वारा प्रतिदिन सुबह 6:00 से 9:00 बजे तक मंगल भवन भखारा में 4 दिवसीय हैप्पीनेस प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नगर पंचायत भखारा सहित आसपास के ग्रामों के अनेक लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के प्रशिक्षक तामेश्वर साहू ने बताया कि इस प्रोग्राम में योग, प्राणायाम के साथ-साथ श्वास की एक विशेष और प्रभावशाली प्रक्रिया सुदर्शन क्रिया सिखाई जाती है। उन्होंने कहा कि श्वास में जीवन के कई अनजाने रहस्य छिपे होते हैं। सुदर्शन क्रिया एक सरल लेकिन अत्यंत शक्तिशाली तकनीक है, जो तनाव, थकान और नकारात्मक भाव जैसे क्रोध, निराशा, चिंता व डिप्रेशन से मुक्ति दिलाकर मन को गहरे विश्राम की अवस्था में ले जाती है। उन्होंने यह भी बताया कि प्राण ही शरीर और मन दोनों के स्वास्थ्य का मूल आधार है।

HEALTH TOWN
DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
Piles Care Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

नगरी में उबाल : अफीम की खेती के आरोप पर पूर्व मुख्यमंत्री का पुतला फूंका, माफी की मांग तेज

# आरोप साबित करने मैदान में आएं भूपेश बघेल : अरुण







हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

नगरी में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी मंडल द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कथित अफीम खेती संबंधी बयान के विरोध में बजरंग चौक पर जोरदार धरना-प्रदर्शन और पुतला दहन किया गया। इस दौरान पूरे क्षेत्र में भारी आक्रोश देखने को मिला, जहां सैकड़ों किसान, भाजपा कार्यकर्ता और आमजन सड़कों पर उतर आए। कार्यक्रम के दौरान भूपेश बघेल हाय-हाय, प्रमाण दो या माफी मांगो जैसे नारों से नगरी का माहौल गूंज उठा। युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने विरोध स्वरूप भूपेश बघेल का पुतला दहन किया, जिसे लेकर प्रदर्शन स्थल पर भारी उत्साह और आक्रोश का वातावरण बना रहा।

### विधायक अपना रुख स्पष्ट करें : पिंकी

पूर्व विधायक एवं किसान मोर्चा की राष्ट्रीय मंत्री पिंकी शाह ने कहा कि क्षेत्रीय विधायक को इस मुद्दे पर स्पष्ट रुख अपनाना चाहिए। यदि आरोप सही है तो वे खुलकर समर्थन करें, अन्यथा किसानों के साथ खड़े होकर ऐसे झूठे आरोपों का विरोध करें।

### अन्य नेताओं ने भी साधा निशाना

पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, भाजपा जिला महामंत्री महेंद्र पंडित, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष रोहिताश मिश्रा, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष विकल गुप्ता, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला सहित अन्य वक्ताओं ने भी एक स्वर में कहा कि बिना प्रमाण के लगाए गए आरोप लोकतांत्रिक मर्यादा के खिलाफ है और इससे किसानों के सम्मान को ठेस पहुंची है।

### प्रमाण दो या माफी मांगो : बैस

भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा लगाए गए आरोप पूरी तरह निराधार और राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित है। यदि उनके पास जरा भी प्रमाण है तो वे उसे सार्वजनिक करें, अन्यथा सिहावा-नगरी क्षेत्र के किसानों से तत्काल माफी मांगें। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि किसानों की छवि को बदनाम करने की कोशिश अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जरूरत पड़ी तो इस मुद्दे को प्रदेश स्तर पर भी उठाया जाएगा।

### मैदान में आकर सच दिखाएं : सार्वा

जिला पंचायत अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कृषक अरुण सार्वा ने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भूपेश बघेल मैदान में आएं और साबित करें कि सिहावा क्षेत्र के किस किसान ने अफीम की खेती की है। हम उनका स्वागत करेंगे और यदि एक भी मामला सही पाया जाता है तो हम खुद उस किसान के खिलाफ कार्रवाई में उनके साथ खड़े रहेंगे। उन्होंने आगे कहा कि नगरी क्षेत्र पूरे देश में अपनी पहचान नगरी दुबराज चावल के लिए रखता है, लेकिन एक गैर-जिम्मेदार बयान के कारण आज यहां के किसान संदेह के घेरे में खड़े कर दिए गए हैं। अगर आरोप साबित नहीं कर पाए तो क्षेत्र के किसान इसका जवाब देना भी जानते हैं।

### सैकड़ों किसानों की भागीदारी

धरना-प्रदर्शन में बड़ी संख्या में किसान, जनप्रतिनिधि और भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। रविशंकर दुबे, दिनेश्वरी नेताम, अजय नाहटा, विकास बोहरा, महेश गोटा, हृदय साहू, रूपेंद्र साहू, रवि भट्ट, हनी कश्यप, दुर्गेश साहू, शुभम यदु, गोलू मंडावी, प्रेमलता नागवंशी सहित अनेक कार्यकर्ताओं की मौजूदगी ने कार्यक्रम को विशाल जन आंदोलन का रूप दे दिया।

### संघर्ष का किया ऐलान

कार्यकर्ताओं और किसानों ने एक स्वर में संकल्प लिया कि किसानों के सम्मान की रक्षा के लिए संघर्ष लगातार जारी रहेगा और झूठे आरोपों का हर स्तर पर जवाब दिया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष अकबर कश्यप तथा आभार व्यक्त मंडल नगरी अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने किया।

## हनुमान मंदिर में तोड़फोड़ करने वाले पर अपराध दर्ज



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पुराने कृषि उपज मंडी परिसर में स्थित हनुमान मंदिर में घुसकर तोड़फोड़ करने वाले अज्ञात आरोपी के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने अपराध दर्ज कर तलाश शुरु कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की शाम पुरानी कृषि उपज मंडी के श्री हनुमान मंदिर में तोड़फोड़ किए जाने की मिली। घटना की जानकारी होते ही हिन्दू समाज के लोग बड़ी संख्या में मौके पर पहुंचे। पुलिस बल भी तत्काल पहुंच गया। घटना से आक्रोशित हिन्दू जागरण मंच के युवाओं ने सिटी कोतवाली में अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कराया। मंच के संयोजक पुरुषोत्तम निषाद व सहसंयोजक चित्रेश साहू ने मीडिया को बताया कि मंदिर में तोड़फोड़ की सूचना मिली थी। मूर्ति को खंडित किया गया है। अज्ञात आरोपी के खिलाफ कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई गई है। आरोपियों को बुधवार की शाम तक गिरफ्तार करने की मांग की गई है। अगर शाम तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया जाता तो गुरुवार को कोतवाली थाना का घेराव किया जाएगा। शिकायत पर कोतवाली थाना में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 298 के तहत अपराध दर्ज कर पतासाजी की जा रही है।

## धमतरी में आरएसएस की प्रमुख जन गोष्ठी 29 को



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा शहर में एक प्रमुख जन गोष्ठी का आयोजन 29 मार्च रविवार को किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता टोपलाल वर्मा (प्रांत संघचालक छत्तीसगढ़) होंगे, जो संघ के विचार, कार्यप्रणाली और राष्ट्र निर्माण में समाज की भूमिका पर अपने विचार साझा करेंगे। संघ के अनुसार यह गोष्ठी समाज में संगठन, संस्कार और समर्पण की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम दोपहर 1:30 बजे से सामुदायिक भवन अमलतासपुरम रुद्री रोड गोकुलपुर चौक धमतरी में आयोजित है। इसमें शहर के विभिन्न वर्गों के नागरिकों, बुद्धिजीवियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया है। जिला संघचालक श्याम अग्रवाल ने लोगों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर विचार-विमर्श का लाभ लेने की अपील की है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, श्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
विशेषताएं-
स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

online Booking-www.tripuryatra.com
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
21 अप्रैल, 28 अप्रैल, 19 मई, 02 जून 2026 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरुपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
नोट :- स्पेशल ट्रेन में त्रिवेंद्रम पद्मनाभ स्वामी नहीं रहेगा।
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

